**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 02.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। राजधानी दिल्ली में राजघाट पर बापू की समाधि पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने आज सुबह महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

*******************

इधर, राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा के झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग भवन में भी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। वहीं, पाकुड़ समेत राज्य के सभी जिलों में भी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को जंयती पर श्रद्धांजलि दी गई।

*******************

गृह मंत्री अमित शाह ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज नई दिल्ली स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों पर राष्ट्रव्यापी छूट का शुभारंभ किया। खादी महोत्सव 2025 के दौरान आज से 5 नवंबर तक ग्राहकों को खादी वस्त्रों पर 20 प्रतिशत और खादी ग्रामोद्योग उत्पादों पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस अवसर पर श्री शाह ने देशवासियों से खादी के उपयोग को बढ़ावा देने और स्वदेशी उत्पाद अपनाने के अभियान को प्रोत्साहित करने की अपील की।

*******************

आईआईटी आईएसएम, धनबाद की ओर से आज सेवा पर्व के अंतिम दिन स्वच्छता रैली में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने कहा कि इस अवसर पर सभी ने सालोंभर कैंपस और आसपास के इलाकों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया है।

*******************

राज्य की पूर्व मुख्य सचिव अलका तिवारी ने आज राज्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार ग्रहण कर लिया। वे इस राज्य की 8वीं राज्य निर्वाचन आयुक्त हैं।

*******************

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ, आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज रांची के नगड़ी नारो बाजार टांड में आरएसएस की ओर से पथ संचलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आरएसएस कार्यकर्ता शामिल हुए।

*******************

पलामू में पीएम आयुष्मान भारत स्वस्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन की राशि केंद्र से सीधे जिले को आवंटित की जाएगी।

*******************

विजयादशमी का त्योहार आज पूरी श्रद्धा, आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विजयादशमी की लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इधर, रांची, सरायकेला–खरसांवा, लोहरदगा और पाकुड़ समेत विभिन इलाकों के पूजा पंडालों में मां दुर्गा की विधि–विधान से पूजा अर्चना के साथ सुहागिन महिलाओं ने परंपरानुसार सिंदूर खेलने की रस्म पूरी की। पाकुड़ में महिलाओं ने कहा कि सिंदूर खेला हमारे समाज और संस्कृति का प्रतीक है।

********************

रांची समेत राज्य के विभिन्न जगहों में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम की सारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। राजधानी रांची के मोरहाबादी और अरगोड़ा में होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, पलामू, लोहरदगा, खूंटी और धनबाद जैसे शहरों में भी रावन दहन कार्यक्रम आयोजित होगा। हालांकि, इस दौरान बारिश होने का पूर्वनुमान भी मौसम विभाग ने जारी किया है।

********************

अहमदाबाद में खेले जा रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन वेस्टइंडीज की पूरी टीम एक सौ बासठ रनों पर सिमट गई। भारत के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने चार, जसप्रीत बुमराह ने तीन और कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए। वहीं समाचार पढ़े जाने तक भारत ने बिना विकेट खोए 18 रन बना लिए हैं।

********समाप्त********